दिल्ली पब्लिक स्कूल,जम्मू

सत्र 2024-2025

अभ्यास कार्य पत्र

कक्षा- छठी **कुल अंक-10**

विषय-हिंदी

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

ईश्वरचंद्र विद्यासागर बंगाल के प्रसिद्ध विद्वान थे। एक दिन वे रेलगाड़ी से कहीं से आ रहे थे। जब वे स्टेशन पर उतरे तो एक नवयुवक स्टेशन पर खड़ा था और कुली !कुली। पुकार रहा था। स्टेशन छोटा था, इसलिए वहाँ कोई कुली नहीं था।ईश्वर चंद को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि युवक के पास भारी सामान नहीं था, बल्कि एक छोटा-सा सूटकेस था।ईश्वर चन्द्र उस युवक के पास पहुँचे और बोले, "लाइए, आपका सूटकेस मैं उठा देता हूँ।" युवक यहाँ ईश्वरचंद्र विद्यासागर से ही मिलने आया था। ईश्वरचंद्र ने धोती कुरता पहन रखा था, इसलिए युवक उन्हें पहचान न पाया। स्टेशन से बाहर निकलने पर युवक ने उन्हें कुछ पैसे दिए, मगर युवक को लगा कि शायद पैसे कम हैं, इसलिए यह व्यक्ति उन्हें लेने से इनकार कर रहा है। उसने अधिक पैसे देने चाहे, "मैंने आपका सूटकेस पैसों के लिए नहीं उठाया। मैंने तो बस आपकी सहायता की थी।" अगले दिन युवक ईश्वरचंद्र से मिलने पहुँचा तो उन्हें देखकर हैरान रह गया। उसे अपने पर बहुत शर्म आ रही थी।उसने ईश्वरचंद्र जी के चरणों में गिरकर क्षमायाचना की ।ईश्वरचंद्र ने कहा,बेटे !प्रतिज्ञा करो कि भविष्य में अपना कार्य स्वयं करोगे।"

1)ईश्वरचंद्र कौन थे?

क)शिक्षक ख) प्रसिद्ध विद्वान ग) डॉक्टर घ) कलेक्टर

2)युवक वहाँ किससे मिलने आया था?

क)पत्नी से ख) नेता जी से ग) ईश्वरचंद्र विद्यासागर से घ)बहन से

3)ईश्वरचन्द्र ने क्या पहन रखा था?

क)जीन्स ख) पठानी सुट ग)कोट-पैंट। घ) धोती कुरता

4)**ईश्वरचंद्र ने युवक से क्या प्रतिज्ञा करवाई?**

5)अगले दिन युवक किसको मिलने पहुँचा?

प्र•2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए:-

क)अहिंसा और हिंसा में क्या अंतर है?

ख)बुंदेले हरबोलों का नाम कविता में क्यों आया है?

प्र•3 **दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखें:-**

क)1सखा [दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग लिखिए]

2सुनार

3श्रीमान

क)अगिन शब्द का तद्भव रुप लिखिए ।

ख)राजकुमार, नीलकंठ, हाथ (रचना के आधार पर भेद लिखिए)

प्र•4 पाठशाला में बालदिवस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जी को निमन्त्रित करने हेतु पत्र लिखिए।

प्र•5 पुस्तकालय के महत्व को समझते हुए दो मित्रों के बीच हुए संवाद को अपने शब्दों में लिखिए।

प्र•6निम्नलिखित विषय पर 50-60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-

अनुशासन का महत्व

*** अनुशासन का अर्थ *सफलता की सीढ़ी**

***विद्यार्थी जीवन में महत्व *अनुशासन के लाभ**